हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

भारतीय जनता पार्टी ने एक मीडिया रिपोर्ट के बाद कांग्रेस की आलोचना करते हुए कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 2008 में प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय से भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दान किए गए कागजात ले लिए थे।प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय सोसायटी के एक सदस्य तथा इतिहासकार रिज़वान क़ादरी ने उन कागजात को लौटाने संबंधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को हाल ही में पत्र लिखा है। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि पंडित नेहरू द्वारा एडविना माउंटबेटन, जयप्रकाश नारायण और कई अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों को लिखे गये पत्रों के 51 डिब्बे सोनिया गांधी ने लिये थे। उस दौरान वे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की अध्यक्ष थीं।इस बीच, कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर पलटवार करते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ पार्टी एक प्रमुख कारोबारी समूह द्वारा कथित रिश्वत लेने के आरोपों से संबंधित मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

****

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चाँद कटारिया ने कल आज सेक्टर 32 और सेक्टर 48 में सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का औचक दौरा किया अपने दौरे के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और दोनों अस्पतालों में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करने के लिए डॉक्टरों से बातचीत की।राज्यपाल ने कहा कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 280 बिस्तरों वाला एक नया आपातकालीन विंग जोड़ा जा रहा है। नई आपातकालीन इमारत 31 मार्च तक तैयार होने की उम्मीद है।सेक्टर 48 अस्पताल में राज्यपाल ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने पर जोर दिया और स्वास्थ्य विभाग को डॉक्टरों, कर्मचारियों और चिकित्सा उपकरणों की संख्या बढ़ाने पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया।

****

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद-एनसीईआरटी ने देश भर में एनसीईआरटी प्रकाशनों की सस्ती और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ई-कॉमर्सप्लेटफॉर्म के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल समझौता हस्ताक्षर होने के बाद कहा कि इससे विद्यार्थियों को विशेषकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें आसानी से सुलभ होंगी। श्री प्रधान ने निजी कंपनियों द्वारा

निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल और अनुभवात्मक शिक्षण केंद्र जैसी पहल पर जोर दिया। इससे शिक्षकों की क्षमता बढ़ेगी और छात्र सशक्त होंगे।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में गुड़ मंडी को पुरानी अनाज मंडी से नई अनाज मंडी में स्थानांतरित करने को मंजूरी दे दी है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसके साथ ही चारा, दाल और मसाला बाजार भी नई अनाज मंडी में स्थानांतरित करने को मंजूरी दी गई है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से शहरवासियों को पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र में जाम से मुक्ति मिलेगी। इससे गुड़ समेत अन्य चीजों के व्यापारियों को लाभ होगा और मार्किट कमेटी के राजस्व में भी इजाफ़ा होगा।

****

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के किसानों बारे दिए बयान पर कहा है कि श्री धनखड़ किसान हितैषी है और किसानों की पीड़ा समझते हैं।अभय चौटाला कल रोहतक पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने किसानों के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि पार्टी किसानों के साथ है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने राजनीति से ऊपर उठ कर किसानों के लिए काम किया। इसलिए पार्टी हमेशा किसानों का समर्थन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देनी चाहिए।